# नगर में भारी बरसात से सड़क पर गिरा पेड़

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से गोटेगांव नगर का चारों ओर से नदी नाले एवं दादा महाराज नरसिंहपुर रोड पर एक भारी भरकम वृक्ष का बीच सड़क पर गिर जाने से यातायात अवरुद्ध हो गया है। समाचार लिखे जाने तक यातायात भी अवरुद्ध रहा। इसी तरह गोटेगांव नगर में हो रही है।

भारी बरसात से आसपास की नदियां और नाले उफान पर हैं नगर में दल दल मची हुई है सब्जी मंडी, हाई स्कूल के समीप,इंदिरा स्कूल के समीप पानी भरा पुरानी गल्ला मंडी,नया बाजार ऐसे और कई क्षेत्र हैं जो दलदल में तब्दील होते जा रहे हैं साथ ही पुराना गंज स्कूल भी कीचड़ से अटा पड़ा है। लेकिन संबंधित विभाग विश्राम पर है उसे देखरेख करके नगर और आसपास उचित व्यवस्था करनी चाहिए मगर ऐसा नहीं हुआ।जिससे नगर और ग्रीन क्षेत्र से आ रही जनता के साथ स्कूली बच्चे भी परेशान हो रहे हैं।

आखिर कब व्यवस्था बनेगी कब लोगों को इस भारी दलदल से मुक्ति मिल पाएगी कुछ कहा नहीं जा सकता है फिलहाल अभी नगर में बारिश हो रही है और चारों तरफ से आवागमन का संपर्क बंद है साथ ही दलदल मुसीबत बना हुआ है जिससे लोगों की टू व्हीलर कहीं स्लिप मारती है तो कहीं गाड़ी फंस जाती है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है । शासन ध्यान दे।

## स्कूल में भरा पानी, परिसर में खड़ी ट्राली, छात्राएं परेशान



**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर के मध्य में स्थित नगर पालिका इंदिरा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में इन दिनों बरसात का पानी भर जाने और मुख्य गेट के पास भी पानी भर जाने से अध्ययनरत छात्राओं को आने जाने में परेशानियां उठाना पड़ रही हैं।

इतने के बावजूद कोई अज्ञात व्यक्ति शाला परिसर के अंदर ट्रैक्टर की ट्राली खड़ी करके चला गया जो समाचार लिखे जाने तक लगभग आठ दिनों से खड़ी हुई है इससे छात्राओं को स्कूल जाने में और आने में परेशानी भी हो रही है क्योंकि स्कूली ग्राउंड में पानी भर गया है। इसका स्थाई समाधान प्रशासन नहीं कर पाया है।

### आठ दिन से खड़ी है किसी की ट्राली

प्रबंधन से शासन से उक्त ट्रैक्टर ट्राली शासकीय जगह से हटाने के लिए कहा है। क्या ट्राली हटाई जाएगी या फिर स्कूल ट्राली स्टैंड में तब्दील हो जाएगा ।देखना होगा।शासन ध्यान दे।

# 163 मेधावी विद्यार्थियों को किया गया लैपटॉप की राशि का वितरण



**चौरई, देशबन्धु।** मप्र शासन की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत चौरई विकासखंड स्तरीय मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि विधायक चौधरी सुजीत सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व विधायक पं रमेश दुबे सहित अन्य अतिथि शामिल हुए । मुख्य अथिति विधायक ने सभी प्रतिभा शाली छात्र छात्राओं को बधाई दी।

पूर्व विधायक दुबे ने विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के बेहतर भविष्य का निर्माण व भविष्य गढ़ने हेतु प्रतिबद्ध है क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर व्यवस्थाओं से हमारे विद्यार्थी लाभान्वित हों यही भाजपा सरकार का संकल्प है। साथ ही कार्यक्रम को विधायक समेत अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम दौरान विधायक श्री चौधरी, पूर्व विधायक श्री दुबे, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुबंशी शिक्षा समिति अध्यक्ष शैलकुमारी वर्मा, एसडीएम प्रभात मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य द्रुय लखन वर्मा, ऋषि पटेल, नपा उपाध्यक्ष सिरपत नायक पप्पू अवनीत सोनी पत्रकार अमित सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपथिति रही।

तहसीलदार प्रीति पटेल द्वारा कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विकासखंड के 163 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय हेतु प्रत्येक विद्यार्थी को 25 हजार की राशि का वितरण कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं गई।

कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी को अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ सुना व देखा गया । बीईओ आर के बघेल व संकुल प्राचार्य रामजी वर्मा समेत अन्य शिक्षकों द्वारा विधायक, पूर्व विधायक समेत अन्य अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया।

## सार-समाचार

### लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय सुंदरलाल भारद्वाज के परिवार जनों को ताम्रपत्र देकर किया सम्मानित



**छपारा, देशबन्धु ।** नगर के निर्भीक पत्रकार लोकतंत्र सेनानी स्वर्ग की सुंदरलाल भारद्वाज के अनुज पार्षद राकेश भारद्वाज पत्नी श्रीमती लता भारद्वाज को छपरा में 14 जुलाई को आयोजित प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के हस्ताक्षर युक्त मध्य प्रदेश शासन का सम्मान पत्र ताम्रपत्र सिवनी जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा जी के द्वारा ताम्रपत्र शाल श्रीफल के साथ सम्मानित किया गया उल्लेखनीय है कि राकेश भरद्वाज शिवाजी वार्ड के लोकप्रिय पार्षद है इस अवसर पर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन जी केवलारी विधायक रजनीश सिंह जी बरघाट विधायक कमल मस्कोल जी जिला कलेक्टर पुलिस अधीक्षक एसडीम भाजपा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन जी महामंत्री जयदीप सिंह नवनीत सिंह मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल उपाध्यक्ष शिवाकांत सिंह मंडल के समस्त पदाधिकारी कर्मचारी लोकतंत्र सेनानी नागेंद्र सिंह ठाकुर प्रशासनिक अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### आज होगा प्रतिभा सम्मान समारोह

**सौसर, देशबन्धु ।** नगर के रॉयल हेरिटेज सौसर में प्रयास जीने की नई सोच संगठन के तत्वाधान मे सौसर एवं पाण्डुर्णा के कक्षा 10 वीं एवं 12 वी के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया जायेगा । संघटन के अशोक भूसारी ने जानकारी देते हुए बताया की ऐसे कार्यक्रम से क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थीयों का मनोबल बढ़ता है।

### मंजुलाबाई कुराडे का निधन

**पीपला नारायणवार, देशबन्धु।** पीपला नगर के निवासी प्रतिष्ठित समाज के वरिष्ठ नागरिक तुकाराम कुराडे एवं लीलाधर कुराडे की माता जी ग. भा. मंजुलाबाई दिनबाजी कुराडे का 77 वर्ष की आयु में शुक्रवार शाम 7 को निधन हो गया । जिनका अंतिम यात्रा दिन शनिवार को दोपहर 12:00 बजे निकली एवं स्थानीय मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें नाते दार रिश्तेदार व्यवसायी राजनीतिक दलों ने समाज सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओ की उपस्थित में संपन्न हुई । समाज बंधुओ ने ओम का जाप कर 2 मिनट मौन रखते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मंजुलाबाई कुराडे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है।

# स्वच्छता पर्व के रूप में मनाया गया जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस

## पौधरोपण कर उत्कृष्ट कार्य पर प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



**छपारा/सिवनी, देशबन्धु।** म.प्र.जन अभियान परिषद के तत्वाधान में शुक्रवार को परिषद के 29 वें स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय क्षेत्रीय ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र बींझावाडा के सभाकक्ष में स्वैच्छिकता पर्व के रूप मे मनाया गया ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुजीत जैन,स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक सुनील मालू, जलजीवन मिशन के धर्मेन्द्र मिश्रा,प्रशिक्षण संस्थान के विनोद सिंह, रविन्द्र पाल एवं म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुजीत जैन ने अपने संबोधन में परिषद के कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि जन अभियान परिषद संपूर्ण म.प्र.में स्वैच्छिक प्रयासों का एक साझा मंच है। जिससे जुडे असंख्य कार्यकर्ता प्रदेश के विकास में सकारात्मक गतिविधियों में सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहते है। और इसके सार्थक परिणाम भी प्राप्त हुए है। उन्होने उपस्थित प्रतिभागियों से आव्हान किया कि प्रदेश शासन की जन हितैषी कार्यक्रमों और योजनाओं को आम जनता को लाभ पहुंचाने में सहयोग करें तथा प्रदेश के विकास में अपनी सहभागिता निभाएं।

## सामाजिक नवांकुर संस्था यूथ ऑफ़ एसोसिएशन को किया गया सम्मानित



**सौसर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम स्वैच्छिकता पर्व में जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत जनपद पंचायत छिंदवाड़ा सभागृह में प्रमुख अतिथि छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर राज्य के पूर्व महामहिम राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उईके की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें जिला समन्वयक अखिलेश जैन,सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र उपासनी के उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया था ।

जिसमें मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सौसर के सामाजिक नवांकुर संस्था युथ ऑफ़ सौसर असोसिएशन एवं सभी परामर्शदाताओं का सौसर क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पूर्व राज्यपाल के द्वारा किया गया सम्मानित विकासखंड समन्वयक अनिल बोबडे के द्वारा महामहिम पूर्व राज्यपाल महोदया मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक छिंदवाड़ा का आभार व्यक्त किया गया।

# खंडवा दादाजी धूनी वाले मंदिर तक यात्रा पर पैदल निकले हैं छिंदवाड़ा सांसद

**पीपला नारायणवार, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा पांढुर्णा जिले के युवा सांसद विवेक बंटी साहू गत दिनों से छिंदवाड़ा से खंडवा दादाजी धूनी वाले मंदिर तक पदयात्रा पर निकले हुएं है पदयात्रा के दौरान मार्ग में आने वाले ग्रामों और विभिन्न पड़ावों में क्षेत्रवासी लगातार छिंदवाड़ा पांढुर्णा लोकसभा क्षेत्र के सांसद विवेक बंटी साहू का भव्य स्वागत कर रहे है। इस दौरान कई लोग उनकी पदयात्रा में सहभागी भी बने।

सांसद विवेक बंटी साहू के साथ में पूर्व विधायक अजय चौरे, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राजू परमार, वरिष्ठ भाजपा नेता होमेश्वर मोहोड़, सचिन खंडाईत, मछुआरा दिनेश लाड़से, खुशाल चौधरी, एवं सभी मित्र मंडली सहित उपस्थित हुआ।

# नव निर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को दी बधाई



**चौरई, देशबन्धु।** पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बब्लू पटेल ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय भोपाल पहुंच कर वर्तमान बैतूल विधायक एवं नव निर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को बधाईयां दी एवं चौरई आने व भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोवल एवं मार्गदर्शन करने का निवेदन किया । तो वही प्रदेश कार्यालय में उपस्थित पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वी. डी शर्मा एवं अन्य विभागों के मंत्रियों से क्षेत्र में विकास कार्य करवाने चर्चा की।

इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा नेता ऋषि वर्मा , ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विजेंद्र ठाकुर,कुंडा मंडल अध्यक्ष धरम वर्मा,पार्षद अर्जुन रघुवंशी, अनुराग बंटी जैन उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम से ट्रामा सेंटर की मांग

मध्य प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री राजेंद्र शुक्ला से पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शैलेंद्र बबलू पटेल ने अपने साथियों के साथ मुलाकात कर क्षेत्र की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से अवगत कराते हुए क्षेत्र में ट्रामा सेंटर की आवश्यकता को बताया एवं जल्द से जल्द ट्रामा सेंटर खुलवाने की मांग रखी ज्ञात हो कि पूर्व से ही पटेल द्वारा ट्रामा सेंटर खुलवाने की प्रयास किए जा रहे है एवं पत्र भी लिखे गए है जिसके चलते जल्द ही क्षेत्र को ट्रामा सेंटर की सौगात मिलेगी।

### ट्रामा सेंटर में मिलने वाली आपातकालीन सेवाएं

ट्रॉमा सेंटर में सामान्य सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, रेडियोलॉजी, एनेस्थिसियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, आंतरिक चिकित्सा और बाल चिकित्सा देखभाल में विशेषज्ञ सर्जनों तक त्वरित पहुंच प्रदान करते हैं। एवं क्रिटिकल केयर जैसी सुविधाएं उपलब्ध होगी।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 06 जुलाई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी नक्षत्र-विशाखा।**

मेष – आज आपको सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में प्रसिद्धि मिलेगी। परिवार एवं दांपत्यजीवन में सुख- संतोष का अनुभव होगा।

वृषभ – आज आपको वाणी और व्यवहार पर संयम रखने की जरूरत है। किसी की मजाक-मसखरी से परहेज करें। गलतफहमी हो सकती है। मौज-शौक तथा मनोरंजन के पीछे खर्च होगा।

मिथुन – आज आपको संतान और जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद या चर्चा में न पड़ें। मित्रों के कारण खर्च हो सकता है। नुकसान की भी आशंका बनी रहेगी।

कर्क – आज कोई अनजाना भय आपको लगा रहेगा। छाती में पीड़ा या तकलीफ हो सकती है। परिवार में लोगों के बीच अशांति और मतभेद हो सकता है।

सिंह – आज तन-मन से स्वस्थ और खुश रहेंगे। पड़ोसी और भाई-बंधुओं के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। निर्धारित काम समय पर पूरे होंगे। छोटी यात्रा होगी।

कन्या – किसी बात को लेकर मन उलझन में रहेगा। नकारात्मक विचारों से मानसिक अस्वस्थता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा।

तुला – अभी आप आर्थिक आयोजन बेहतर तरीके से पूरा कर सकेंगे। आज आपकी कलात्मक और सृजनात्मक शक्ति श्रेष्ठ रहेगी। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे।

वृश्चिक – आज आमोद-प्रमोद तथा मनोरंजन के पीछे पैसे खर्च होंगे। मानसिक चिंता और शारीरिक तकलीफ से परेशानी होगी। असंयमित वाणी या व्यवहार झगड़े का कारण बन सकता है।

धनु – प्रेम का सुखद अनुभव प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आर्थिक, सामाजिक और कुटुंबजनों के साथ बातचीत के लिए आज का दिन लाभदायी है।

मकर – व्यवसाय के क्षेत्र में धन, मान एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में भी आपका परिश्रम रंग लाएगा। घर, परिवार और संतान के मामले में आनंद और संतोष की भावना का अनुभव होगा। व्यावसायिक कार्य के संबंध में दौड़धूप बढ़ेगी।

कुंभ – आज आप अपने आपको अस्वस्थ महसूस करेंगे, परंतु मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। काम करने में उत्साह का अभाव रहेगा। ऑफिस में उच्च अधिकारियों से बचकर रहें।

मीन – आज का दिन ईश्वरभक्ति और आध्यात्मिकता में गुजरेगा। आज के दिन आपको थोडी बहुत प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ेगा। स्वास्थ्य के विषय में विशेष ध्यान रखना पडेगा।

5,6,2,7-58,64,29,78,36,88,02,13

# भक्तिभाव से मनाया सिंहवाहिनी का पाटोत्सव

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस दिन शनिवार को श्री राजयोग आश्रम शंकराचार्य बाल लीला धाम बरहटा में सुहासिनी पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। ज्ञातव्य होवे कि गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत श्री राजयोग आश्रम शंकराचार्य बाल लीला धाम बरहटा में गुप्त नवरात्रि पर त्रिलोक सुंदरी श्री मां भगवती सिंहवाहिनी देवी का पाटोत्सव पर किशमिश से मां भगवती का अर्चन किया ।



परम पूज्य गुरुदेव पंच अग्निपीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर रामकृष्णानद जी महाराज श्री के मुखारविंद से अमृत में वाणी से भक्तों को संबोधित किया सुहासिनी पूजन कार्यक्रम मां भगवती सिंहवाहिनी की महाआरती संपन्न हुई। तत्पश्चात मां भगवती सिंहवाहिनी का पाटोत्सव महोत्सव भक्ति भाव व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सुहासिनी पूजन में महिलाओं को साड़ी सिंगार का सामान दिया गया वही पूजन के मुख्य यजमान रहे पूर्व जनपद अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि संतोष दुबे अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अंजनी दुबे के साथ पूजन अर्चन किया।

इस अवसर पर हरनारायण तिवारी, नारायण दुबे, देवेंद्र पाठक, डा जितेंद्र चौबे, रितेश पांडे, गोविंद दुबे, राकेश शर्मा, लक्ष्मी नारायण तिवारी, पंडित भूपेंद्र शास्त्री, मीडिया प्रभारी मनीष मिश्रा सहित जिला सर्व ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बाललीला धाम में स्थापित होगी ब्रह्मलीन जगतगुरु की मूर्ति

आश्रम के प्रभारी ब्रह्मचारी सोमेश्वरानद महाराज चतुर्थ दिवस के पावन पर्व पर त्रिलोक सुंदरी श्री मां भगवती सिंहवाहिनी का किसमिस से अर्चन एवं सुहासिनी पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन महाप्रसाद भंडारा संपन्न हुआ। बताया गया कि शंकराचार्य बाललीला धाम आश्रम बरहटा में ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज की मूर्ति की स्थापना सभी भक्तों ने मां भगवती का आशिर्वाद प्राप्त किया।

# महाविद्यालय में नए छात्रों का स्वागत कर दीक्षारंभ कराया



**सौंसर, लोधीखेड़ा, देशबन्धु ।** शासकीय महाविद्यालय लोधीखेड़ा में 1 जुलाई 2025 से नवप्रवेशित विद्यार्थिओ के स्वागत के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया विद्यार्थियो का स्वागत तिलक लगाकर किया गया।

तीन दिवसीय कार्यक्रम में विद्यार्थियो को लाईब्रेरी की जानकारी लाइब्रेरियन अजय गिरी द्वारा दी गई। क्रीड़ा अधिकारी सोहन धुर्वे द्वारा खेल से संबंधित जानकारी दी। लीना डेहरीया द्वारा नई शिक्षा नीति में पाठयक्रम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं संचालन डॉ पैलेंद्र डहेरिया द्वारा किया गया। प्राचार्य अमोल पाटिल द्वारा महाविद्यालय के स्टाफ़ से परिचय कराया गया। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष दिनेश रायकवार द्वारा विद्यार्थियो को मार्गदर्शित किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ अनुपसिंह द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर विट्ठल खोड़नकर, मोहन रायकवार, रुपेश बागडे ,डॉ विजयश्री बागडे, डॉ सुखविंदर भाटिया, टेकडे, सातनकर, संतोष डेहारिया,शैलेश यादव, निकेश वाघमारे एवम समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।